दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 48 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, सोमवार, 17 अप्रैल 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हुए जानलेवा हमले...

ईद पर दिखना है सबसे खूबसूरत ...

मूल्य- 2 रु.

# राहुल गांधी की कोलार में चुनावी सभा; कहा, कर्नाटक में सरकार बनी तो पहली कैबिनेट मीटिंग में वादे पूरे करेंगे

**बंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर्नाटक के कोलार में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं कर्नाटक की जनता से सीधी बात करना चाहता हूं। सवाल ये है कि जब यहां कुछ ही दिनों में कांग्रेस पार्टी की सरकार आएगी तो हमारी सरकार कर्नाटक के युवाओं के लिए महिलाओं के लिए, गरीबों के लिए क्या करेगी। हिमाचल में चुनाव हुआ, पहले छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में चुनाव हुआ, यहां के नेताओं ने मुझसे पूछा कि हमें क्या करना चाहिए।

मैंने उनसे कहा कि आप दो दिन वादे जनता से कीजिए और जिस दिन आपकी सरकार बनें। पहली कैबिनेट मीटिंग में उन वादों को पूरा करके बताइए। इन वादों को पूरा होने में छह महीने एक साल नहीं लगना चाहिए। मैं कर्नाटक की कांग्रेस पार्टी के नेताओं से कहना चाहता हूं। गृहज्योति योजना के तहत 200 यूनिट मुफ्त बिजली हर परिवार को मिलेगी। गृहलक्ष्मी योजना के तहत 2000 रुपए हर महीने महिलाओं को दिए जाएंगे। अन्नभाग्य योजना में हर महीने बीपीएल परिवार को दस किलो चावल और युवा निधि योजना में कर्नाटक के हर ग्रेजुएट को दो साल तक 3000 हजार रुपए दिए जाएंगे। हमारी सरकार 1500 रुपए हर डिप्लोमा होल्डर को देगी। ये वादे पहली कैबिनेट मीटिंग में पूरे हो जाने चाहिए। कांग्रेस पार्टी को कर्नाटक की जनता का और देश की जनता को सीधा मैसेज देना चाहिए। पीएम को मैसेज देना चाहिए कि अगर आप हजारों करोड़ रुपए अड़ाणी की कंपनियों को दे सकते हो तो हम युवाओं को, गरीबों को, महिलाओं को पैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम को मैसेज देना चाहिए कि अगर आप हजारों करोड़ रुपए अडाणी जी जैसी कंपनियों को दे सकते हो तो हम युवाओं को, गरीबों को, महिलाओं को पैसे दे सकते हैं।



## राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए अडाणी को भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया

**कोलार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कर्नाटक के कोलार में अडाणी समूह के ''भ्रष्टाचार'' का मुद्दा उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया और दोहराया कि वह केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार से डरते नहीं हैं। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोलार में गांधी ने 'मोदी उपनाम' वाली एक टिप्पणी की थी, जिसके लिए उन्हें आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया गया था और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था। कर्नाटक विधानसभा चुनावों की 29 मार्च को घोषणा के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा पर आए गांधी ने अडाणी मुद्दे के जरिए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और कारोबारी गौतम अडाणी के साथ मोदी के ''संबंध'' के बारे में जानना चाहा। उन्होंने यहां 'जय भारत' रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। वे (केंद्र सरकार) सोचते हैं कि वे मुझे हटाकर और धमकाकर डराएंगे। मैं डरने वालों में से नहीं हूं।'' गांधी ने कहा, ''जब तक मुझे जवाब नहीं मिलता, मैं यह सवाल पूछता रहूंगा। आप मुझे अयोग्य ठहराएं, मुझे जेल में डाल दें या जो चाहें करें, मैं डरने वाला नहीं हूं।''

रक्षा बुनियादी ढांचा क्षेत्र में काम करने वाली अडाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ कोई जांच नहीं हो रही है, यह आरोप लगाते हुए गांधी ने कहा कि समूह के अध्यक्ष ने अपनी ''शेल कंपनी'' (कागजी कंपनी) में एक चीनी व्यक्ति को नियुक्त किया है। गांधी ने कहा, ''अडाणी भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं।'' गांधी ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहता हूं- अडाणी के साथ आपका क्या संबंध है, जिन्हें भारत में हवाई अड्डे दिए जा रहे हैं? उन्हें ठेका देने के लिए नियम बदले जाते हैं। नियम क्यों बदले जा रहे हैं?'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अडाणी समूह के पास हवाई अड्डे संचालित करने की कोई विशेषज्ञता नहीं है, जो संचालन के लिए पूर्व शर्त है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें व्यापार समूह को सौंप दिया गया। गांधी ने आरोप लगाया, ''जिनके पास हवाई अड्डे थे, उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा फंसाया गया और फिर ये हवाई अड्डे अडाणी को दे दिए गए।'' उन्होंने आरोप लगाया कि ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी को उनके समकक्ष और गौतम अडाणी के साथ देखा गया था और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की तत्कालीन एक वरिष्ठ अधिकारी भी उनके बगल में दिखी थीं। गांधी ने कहा कि अगले ही दिन, एसबीआई ने अडाणी को ऋण दिया।

रिपोर्ट

## खानपान, पार्किंग, विज्ञापन जैसे मदों में रेलवे की आय घटी, कबाड़ बेचकर अच्छी कमाई की

**नई दिल्ली,(भाषा)** भारतीय रेल को साल 2017 से 2021 के बीच खानपान, विज्ञापन, पार्किंग, विश्राम स्थल जैसे गैर यात्री किराया स्रोतों से लक्ष्य के मुकाबले कम आय अर्जित हुई। हालांकि, स्क्रैप या कबाड़ बेचने से उसे लक्ष्य से अधिक राशि प्राप्त हुई। संसद के हाल ही में सम्पन्न बजट सत्र के दौरान पेश रेलवे पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की अनुपालन लेखा परीक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। इसमें वर्ष 2017-21 के दौरान चार वर्षों में रेलवे की आय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। कैग ने कहा है कि रेलवे बोर्ड ने चल परिसम्पत्तियों के माध्यम से विज्ञापन की नीति जनवरी 2017 में शुरू की थी। इस नीति का मकसद भारतीय रेलवे को आंतरिक और बाहरी विज्ञापनों से लैस संयुक्त ट्रेन पैकेज की पेश करने की सुविधा प्रदान करना था। रेलवे बोर्ड ने राइट्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था।



रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी 2018 में रेलवे बोर्ड ने राइट्स द्वारा करार देने में देरी के कारण क्षेत्रीय रेलवे को बोली का प्रबंधन सौंपने का फैसला किया। साल 2018-19 से 2020-21 की अवधि के दौरान इस नीति के तहत क्षेत्रीय रेलवे द्वारा विभिन्न संविदाओं को अंतिम रूप दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, अभिलेखों की जांच से पता चला है कि भारतीय रेल ने 14 क्षेत्रीय रेलवे में 93.25 करोड़ रुपये (28.28 प्रतिशत) अर्जित किए, जबकि अनुमानित आय 329.70 करोड़ रुपये तय की गई थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2017-18 को छोड़कर, समीक्षा अवधि के दौरान भारतीय रेल द्वारा स्टेशनों पर कार/स्कूटर पार्किंग से आय की प्राप्ति का मूल लक्ष्य हासिल नहीं किया गया था। कैग ने कहा, ''956 करोड़ रुपये के मूल लक्ष्य के मुकाबले वास्तविक आय 613 करोड़ रुपये थी, जिससे राजस्व में 343 करोड़ रुपये (36 प्रतिशत) की कमी आई।''

## भारत में कोविड-19 के 10,093 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली, (भाषा)।** भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,093 नए मामले सामने आए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 57,542 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 से 23 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,114 पर पहुंच गई। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पांच, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तीन-तीन, कर्नाटक और महाराष्ट्र में दो-दो तथा हरियाणा, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड में एक-एक मरीज की मौत हुई है, जबकि केरल ने कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले रोगियों की सूची में चार और नाम जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 5.61 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.78 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं, देश में कोविड-19 से अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,48,18,115 हो गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 फीसदी है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत में अब तक कुल 4,42,29,459 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

## दुबई की इमारत में आग लगने से 16 की मौत

**दुबई, भाषा।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों में केरल के एक दंपती समेत चार भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग दुबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक अल-रास में स्थित इमारत की चौथी मंजिल में लगी और फिर अन्य इलाकों में भी फैल गई। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में 16 लोगों की मौत हुई और नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दुबई में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने हादसे में चार भारतीयों के मरने की पुष्टि की है। भारतीय वाणिज्य दूतावास में वरिष्ठ अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने पीटीआई को बताया,"मृतकों में रिजेश कलंगदान (38), उनकी पत्नी जेशी कंदमंगलथ (32), गुडू सलियाकुंडु (49) और इमामकासिम अब्दुल खदेर (43) शामिल हैं।" उन्होंने कहा,"हमें उनकी पासपोर्ट की प्रतियां (नसीर) वाटनपल्ली (एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता) के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। हम पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और समर्थन के लिए पहुंचने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को धन्यवाद देते हैं।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## अतीक अहमद ने माफियागिरी करके 44 साल में जो कमाया, उसे योगी सरकार ने 48 दिन में मिट्टी में मिला दिया

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से राज्य के कई शहरों में जिस आतंक और दहशत को कायम करने में माफिया अतीक अहमद ने 44 साल लगाए उसे यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महज 48 दिनों में खत्म कर दिया। अतीक और उसके करीबियों के काले कारोबार के साम्राज्य को ध्वस्त करने में अब योगी सरकार को प्रवर्तन निदेशालय का भी साथ मिल रहा है।

हम आपको बता दें कि अतीक अहमद पर पहला आपराधिक मामला 1979 में प्रयागराज के खुल्दाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। तब से 44 साल के उसके आपराधिक सफर में उस पर 102 केस दर्ज हुए लेकिन किसी भी मामले में कोई सरकार उसे सजा नहीं दिलवा पाई। योगी राज में पहली बार यह संभव हुआ जब पूर्व बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह अधिवक्ता उमेश पाल के अपहरण के मामले में एमपी-एमएलए की कोर्ट ने अतीक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इधर 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल की हत्या से कानून व्यवस्था को नाकाम चुनौती देने के अतीक और उसके गुर्गों के दुस्साहस के बाद यूपी के सीएम योगी के माफिया को मिट्टी में मिलाने के संकल्प ने अतीक के जुर्म और जरायम के साम्राज्य तहस नहस कर दिया गया। अतीक के बेटे असद सहित उसके 4 गुर्गों को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। अपराध से अर्जित की गई उसकी और उसके गुर्गों की 1400 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी। इसे अतीक के आतंक के अंत माना जा रहा है। हम आपको बता दें कि एक तरफ माफिया को मिट्टी में मिलाने का सिलसिला जारी है तो दूसरी तरफ आर्थिक अपराध से जुड़ी जांच एजेंसियां भी अतीक के आर्थिक साम्राज्य को चोट पहुँचाने में लग गई हैं। अतीक अहमद पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की 15 टीमों ने प्रयागराज में अतीक के करीबियों के कई ठिकानों पर जमकर छापेमारी की है। इसमें अतीक अहमद के वकील खान शौलत हनीफ, अतीक के अकाउंटेंट सीताराम शुक्ला, रियल एस्टेट कारोबारी खालिद ज़फर, बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी, बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के नाम शामिल हैं। इस कार्यवाही में 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। वैसे अतीक पर दो साल पहले 2021 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था और इस मामले में उसकी 8 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी। हम आपको यह भी बता दें कि प्रयागराज शहर में अतीक अहमद के करीबियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिंग केस में बेहद अहम सबूत मिले हैं जिससे उसके काले कारोबार के नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है।



## जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हुए जानलेवा हमले के पीछे कहीं China का हाथ तो नहीं है?

नीरज कुमार दुबे

जापान ने एशिया में समान विचार वाले देशों को सैन्य सहायता मुहैया कराने की योजना जैसे ही पेश की उसके दो दिन के भीतर ही जापान के प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमला हो गया। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा जब वाकायामा शहर में एक चुनावी रैली में भाषण देने पहुँचे तभी एक जोरदार धमाका हुआ जिससे अफता-तफरी मच गयी। दरअसल प्रधानमंत्री पर एक स्मोक बम फेंका गया था लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने हमला विफल कर दिया और हमलावर को पकड़ लिया। देखा जाये तो सुरक्षित देशों में शुमार जापान में सीधे शीर्ष नेताओं को निशाने पर लेने की बढ़ती घटनाएं आश्चर्यजनक हैं। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल 8 जुलाई को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर चुनाव प्रचार के दौरान हुए जानलेवा हमले ने समूचे विश्व को स्तब्ध कर दिया था। इस हमले में आबे की जान चली गयी थी। जहां तक किशिदा पर हमले की बात है तो आपको यह भी बता दें कि हमले के थोड़ी देर बाद उन्होंने अपना चुनावी भाषण पूरा किया और फिर दूसरी जगह चुनाव प्रचार के लिए निकल गये। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि जापान के प्रधानमंत्री पर हुए हमले के पीछे क्या उद्देश्य था और इसके पीछे कौन-सी ताकतें थीं? यह भी जाँचा जा रहा है कि कहीं इस हमले के पीछे चीन तो नहीं है? दरअसल इस आशंका का कारण यह है कि एशिया में अपना दबदबा बढ़ाने में लगे चीन को रोकने के लिए जापान ने समान विचार वाले देशों को सैन्य सहायता मुहैया करने की एक योजना पेश की है। हम



आपको बता दें कि जापान ताइवान और दक्षिण चीन सागर मुद्दों को लेकर चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने पर गौर कर रहा है।

जापान ने इस महीने की शुरुआत में कुछ दिशानिर्देश घोषित किये थे, जिनमें आधिकारिक सुरक्षा सहायता मुहैया करा कर समान विचार वाले देशों की सेना को मजबूत करने का एक नया कार्यक्रम भी शामिल है। जापान का यह कदम, आपदा राहत को छोड़ कर सैन्य उद्देश्यों के लिए विकास सहायता मुहैया नहीं करने की उसकी पूर्ववर्ती नीति के विरुद्ध है। बताया जा रहा है कि जापान के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा है कि विदेश सुरक्षा सहायता पाने वाले प्रथम लाभार्थी में फिलीपीन भी एक देश होगा। साथ ही, मलेशिया, बांग्लादेश और फिजी के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि जापान के नेताओं से चीनी कितनी नफरत करते हैं यह उस समय भी सामने आया था जब शिंजो आबे के निधन से पूरी दुनिया में शोक की लहर थी मगर चीन में जश्न मनाया जा रहा था। उस समय चीनी सोशल मीडिया पर शिंजो आबे को गोली मारने वाले हमलावर को हीरो बताया जा रहा था। जापान के पश्चिमी इलाके नारा में शिंजो आबे को गोली लगने के बाद चाइनीज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Weibo पर लोग जश्न मनाने लगे थे। उस समय चीनी सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ऐसे भी थे जो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती शिंजो आबे की मौत की कामना भी कर रहे थे। उस समय चीनी सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने यह भी लिखा था कि जापान के वर्तमान प्रधानमंत्री के अलावा कोरियाई को भी गोली मारी जानी चाहिए थी। यही नहीं, चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने ''शैम्पेन समारोहों'' का आयोजन करने का आह्वान भी किया था क्योंकि जापान हमेशा से चीन की ताइवान नीति का विरोध करता रहा है।

जापान से क्यों चिढ़ता है चीन, अगर इसकी बात करें तो आपको बता दें कि जापान के सभी नेता चीन की विस्तारवादी नीतियों के प्रमुख आलोचक रहे हैं।

## केजी बालकृष्ण आयोग पर बाबासाहेब के दृष्टिकोण लागू करने का दायित्व

प्रवीण गुगनानी

एक गोंडी मुहावरा है- बुच्च बुच्च आयाना कव्वीते पालकी रेंगिना अर्थात आगे आगे होना किंतु अपने मूल विषय पर कुछ भी ध्यान न देना। रंगनाथ मिश्र आयोग के संदर्भ में यह गोंडी कहावत सटीक लगती है। रंगनाथ मिश्र आयोग के बाद मोदी सरकार द्वारा केजी बालकृष्ण आयोग का गठन आरक्षण के दुरुपयोग को जांचने, मापने और थामने का एक संवेदनशील प्रयास है। रंगनाथ मिश्र आयोग के माध्यम से कांग्रेस और मनमोहन सरकार ने एक ओर जहां अपनी चिरकालिक तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाया वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज को भी बैसाखियों पर चलाने और आत्मनिर्भर न होने देकर उसे मात्र एक वोट बैंक बनाये रखने की अनैतिक राजनीति जारी रखी थी। केजी बालकृष्ण आयोग से आशा है कि वह बाबासाहेब के भाव अनुरूप होकर भारत में आरक्षण के अंतर्तत्व, अंतर्भाव व अंतरात्मा को बनाए रखने में सार्थक सिद्ध होगा।

भाजपा एससी कोटे में दलित मुस्लिम और दलित ईसाइयों को शामिल करने का सतत और स्पष्ट विरोध करती आई है। संविधान के अनुसार हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के चिन्हित लोगों को ही अनुसूचित जाति का दर्जा मिलता है। पार्टी का मानना है कि इससे धर्म परिवर्तन और तेजी से बढ़ेगा। मुस्लिम और ईसाई धर्म के लोग भी इस दर्जे की मांग कर रहे हैं।

आरक्षण की व्यवस्था का लाभ उसके मूल हितग्राही को न मिलने से क्या स्थितियां बन रही है? आरक्षण का अधिकतम लाभ समाज के छद्म दलित, अवसरवादी दलित और अपने ही दलित समाज को उपेक्षा और हास्य की दृष्टि से देखने वाले तथाकथित दलितों को मिलने से दलित व जनजातीय समाज पर कितना विषाक्त प्रभाव पड़ रहा है या पड़ेगा ? इन दुष्प्रभावों को हमारा समाज प्रत्यक्ष देख रहा है। वस्तुतः अम्बेडकर जी के कार्यों को, स्वप्नों को, सोच को यदि हम यथार्थ के धरातल पर



उतारना चाहते हैं तो हमें उनके सम्पूर्ण विचार, लेखन और रचना संसार के मूल तत्व और सत्व को समझना होगा। अंबेडकर जी केवल आरक्षण नही अपितु आरक्षण के वैज्ञानिकीकरण, युक्तियुक्त करण और आरक्षण के सामयिकी करण के घोर पक्षधर थे। वह आरक्षण ही क्या जिसका लाभ सर्वाधिक दीन हीन हितग्राही को मिल न पाए और उसमें लीकेजेस इतने हो जाएं कि अम्बेडकर जी का मूल विचार और लक्ष्य ही धराशायी हो जाए। कितनी बड़ी विडंबना है कि आज आरक्षण की अस्सी प्रतिशत सुविधाओं का लाभ ऐसे 20 प्रतिशत ऐसे नकली अनुसूचित और अनु. जनजातीय उठा रहें हैं जो लोभ लालच में इस देश से बाहर के धर्म में कन्वर्ट हो गए हैं। ये कथित 20 प्रतिशत अन्य धर्म में कनवर्ट लोग दलित समाज को मिलने वाले आरक्षण का बेतरह शोषण, दोहन कर रहे हैं। ये लोग अपने समाज के अन्य लोगों से रोटी बेटी का व्यवहार भी नहीं रखते। ये मतांतरित अनुसूचित जाति और जनजातीय के लोग अपने ही लोगो के प्रति घृणा, निकृष्टता और हास्य व्यंग्य का भाव रखते हैं। ये 20 प्रतिशत कन्वर्टेड ईसाई और मुस्लिम अपने कॉकस से, चतुराई से, धन बल से व अपनी राजनैतिक शक्ति से आरक्षण की सुविधाओं को अपने कन्वर्टेड कुनबे तक सीमित किए रहते हैं। आज यदि बाबासाहेब जीवित होते तो विदेशी धर्म को अपनाने वाले इन लोगों की आरक्षण सुविधाएं तत्काल समाप्त कर देते। अब देश के नीति निर्धारकों को सोचना होगा की मुस्लिम समाज को ओबीसी आरक्षण दिया जाना कैसे उचित है? वस्तुतः ओबीसी आरक्षण का ताना बाना ही पिछड़ी हिंदू जातियों के उन्नयन के लिए बुना गया था। इस्लाम की ओर से सदैव कहा जाता है कि उनके धर्म में जाति व्यवस्था नहीं है, यह भी कहा जाता है कि इस्लाम में हर मुसलमान बराबर है। जब उनमें जाति व्यवस्था ही नहीं है, सब बराबर हैं तो पिछड़ी जातियों को मिलने वाला आरक्षण उन्हे क्यों मिलना चाहिए? इस्लाम के अनुसार हर मुसलमान बराबर है। जाति व्यवस्था मुक्त होने का दंभ ईसाई धर्म भी भरता है, जब जाति ही नहीं है, उपेक्षा और भेदभाव ही नहीं है तो जातिगत आरक्षण का लाभ क्यों? वस्तुतः यह बीमारी तुष्टिकरण की देन है।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# सीएम धामी ने गंगा समग्र 'अविरल गंगा, निर्मल गंगा' कार्यक्रम में लिया भाग





**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परमार्थ निकेतन में आयोजित गंगा समग्र अविरल गंगा निर्मल गंगा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अविरल गंगा निर्मल गंगा अभियान के तहत गंगा को स्वच्छ रखने के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिसमें गंगा को साफ सुथरा रखने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवनदायिनी मां गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना हम सबका नैतिक दायित्व है। केंद्र व राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रथम चरण के तहत गंगा में मिलने वाले 132 गंदे नालों के पानी को एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ किया गया है। जबकि दूसरे चरण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि गंगा के साथ साथ उसकी सहायक नदियों पर भी कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, स्वामी चिदानंद जी महाराज, रामाशीष राय सहित स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रक्तदान से बड़ा दान नहीं कोई: स्वामी आलोक गिरी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय सनातन सेना परिषद के प्रदेश संगठन सचिव आलोक गिरी महाराज एवं रूड़की ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड राज विहार कॉलोनी में स्थित श्रीबालाजी धाम, सिद्धबलि हनुमान, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर स्वामी आलोक गिरी महाराज ने सभी रक्तदानियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नही हो सकता है। किसी की जान बचाने के लिए किए गए रक्तदान से बड़ा कार्य कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह का विकार नही आता है। बल्कि शरीर में नए रक्त का संचार होता है। इससे स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। उन्होंने कहा एक दूसरे का सहयोग करने से जीवन चलता है। ऐसा करने से मानसिक शान्ति प्राप्त होती है। रक्तदान शिविर में पुजारी मनकामेश्वर गिरी, सन्नी, पार्षद नागेंद्र राणा, नितिश चौधरी, सुमित भाटिया, मनीषा शर्मा, कालिका प्रसाद कोठारी, अरूण पाल, रुड़की ब्लड सेंटर से अखिल सैनी, अमित कुमार, प्रिन्स सैनी, दीक्षित सैनी, आकाश शर्मा, वैभव शर्मा, सचिन वर्मा, प्रिंस वर्मा सहित अन्य लोगों ने रक्तदान के साथ शिविर में सहयोग प्रदान किया रहे।

# एचआरडीए की सीलिंग के खिलाफ नवोदय नगर व्यापार मंडल ने की बैठक



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** नवोदय नगर व्यापार मंडल ने एक बैठक होटल ओलिव में आहूत की गई। जिसमें व्यापारियों ने एचआरडीए द्वारा बेवजह सीलिंग का विरोध किया। बैठक में इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान ने कहा एचआरडीए बेवजह व्यापारियों को परेशान करने के लिए सीलिंग कर रहा है और जब व्यापारी नक्शा पास कराने के लिए एचआरडीए जा रहा है तो उसका नक्शा भी पास नहीं हो रहा है । यह एक तरह से एच आर डीए की गुंडागर्दी है जो कि गलत है। हम इसका विरोध करते हैं । इस अवसर पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष पवन सैनी ने व्यापारियों को एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि एकजुट होकर एच आरडीए के खिलाफ हम बड़े से बड़े जनप्रतिनिधि के पास जाएंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे ।

इस अवसर पर व्यापार मंडल संरक्षक श्यामसुंदर गुप्ता ने कहा एच आरडीए द्वारा खाली प्लॉटों की बाउंड्री भी सील की जा रही है जो कि एक हास्यास्पद है कि किस तरह से एचआरडीए को पैसों की भूख है ।बैठक में निर्णय लिया गया कि व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल सबसे पहले चेयरमैन राजीव शर्मा को इस विषय पर ज्ञापन देगा और उन से अनुरोध करेगा इस विषय को संज्ञान ले । व्यापार मंडल उपाध्यक्ष जयकिशन न्यूली ने कहा कि आज एचआरडीए द्वारा जो सीलिंग की प्रक्रिया की जा रही है वह पूर्णता न्याय संगत नहीं है, जबकि 10 साल तक नगर पालिका क्षेत्र टैक्स फ्री जोन सरकार के शासनादेश पर ही किया गया है।

इस सीलिंग से व्यापारियों का नुकसान हो रहा है जो भी व्यापारी भवन निर्माण से संबंधित व्यापार से जुड़े है उनका काम ठप पड़ा है, उन्हें आज आजीविका चलाने में परेशानी हो रही है। इस अवसर पर व्यापार मंडल सचिव विक्रम पुंडीर, कोषाध्यक्ष दिनेश पांडे, उपाध्यक्ष जयकिशन न्यूली, श्यामसुंदर गुप्ता ,अजय पाल श्रीओम शर्मा ,अतोल सिंह गुसाईं, भानु प्रताप सिंह, प्रदीप चंदेल, प्रशांत अग्रवाल ,कामेद्रं शर्मा, सोहन कुमार शर्मा ,अर्पित चौहान ,बृजेश गोयल ,नेमचंद सहगल, सुरेंद्र मानेसर राजकुमार गुप्ता ,देवेंद्र सिंह कंडारी ,आदि व्यापारी गण उपस्थित थे।

# चोरी की योजना बनाने वाले 04 अभियुक्तों को कोतवाली नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार




उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चोरी कि योजना बनाने वाले 04 अभियुक्त को जरिये मुखबिर की सूचना पर स्थान कागडा पुल हर की पैड़ी से अभियुक्त 1. अजय पुत्र राजू निवासी ठोकर [10] [बैरागी कैम्प कनखल हरिद्वार उम्र 20 वर्ष 2- निखिल दास पुत्र नील कान्तोसाद निवासी दोरियावाडा हापुड बगवान कोलकाता पश्चिम बंगाल उम्र 36 वर्ष (3) सत्यम कुमार पुत्र विजय शाह निवासी प्रेम विहार हरिपुरमा मानवाला जनपद हरिद्वार उम्र 19 वर्ष (4) सुधीर पुष नन्द किशोर निवासी सुरजीतपुर कालोनी हरदोई जी०आर०पी० हरदोई उ0प्र0 उम्र 20 वर्ष को चोरी के उपकरण (चार अदद ब्लेड कटर) के साथ गिरफ्तार किया गया है। उता अभियुक्त गणो के विरुद्ध कोतवाली नगर पर मु0अ0स0 249/23 धारा 401 भादवि पंजीकृत किया गया है। अभि गण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## बरामदगी

1-जेब काटने में प्रयुक्त 04 अदद कटर

## गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. अजय पुत्र राजू निवासी ठोकर न0 10 बैरागी कैम्प कनखल हरिद्वार उम्र 20 वर्ष
2. निखिल दाम पुत्र नील कान्तोसाद निवासी दोरिवयावाडा हापुड बगनान हावडा कोलकाता पश्चिम बंगाल उम्र 36 वर्ष
(3) सत्यम कुमार पुत्र विजय शाह निवासी प्रेम बिहार हरिपुरकला थाना रायवाला जनपद हरिद्वार उम्र 19 वर्ष
(4) सुधीर पुत्र नन्द किशोर निवासी सुरजीतपुर कालोनी हरदोई जी०आर०पी० हरदोई उ0प्र0 उम्र 20 वर्ष

## पुलिस टीम

| | |
|---|---|
| 1-उ0नि0 मुकेश थलेडी | 4. का0 124 शिवशंकर |
| 2. का0329 नवीन क्षेत्री | 5. का0 56 अमित कुमारः |
| 3. का0 333 भूपेन्द्र गिरी | 6. का0 703 विक्रम सिंह |

# हिटलर शाही, तानाशाही रवैया के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** लोकतंत्र पर प्रहार अंत जरूर होगा सरकार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन भेजकर बुलाने पर उनके समर्थन में जोत सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध उठाई आवाज, हिटलर शाही, तानाशाही रवैया के विरोध में आम आदमी पार्टी का विशाल प्रदर्शन ।

देहरादून राजधानी प दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। केंद्र की सरकार जिस तरह से विपक्ष के ऊपर षड्यंत्र रच कर साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश कर रही है उसमें नरेंद्र मोदी जी की कलाई खुलती दिखाई दे रही है भ्रष्टाचार और झूठ से भरे अखंड तक मोदी आज अपने आप को पाक साफ बता कर विपक्ष को कमजोर करने की मुहिम चला रहे हैं 'आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय' 'संयोजक अरविंद केजरीवाल' के सवालों का जवाब केंद्र सरकार के पास नहीं है डिग्री नहीं है युवाओं के पास रोजगार नहीं है महंगाई चरम सीमा पर है आर्थिक मंदी है देश हित के मुद्दों से जनता को भटका कर अर्नगर्ल मुद्दों पर बहस करके देश को गुमराह कर रहे हैं । जोत सिंह बिष्ट ने कहा आज आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता लोकतंत्र को बचाने के लिए अगर जेल भी जाना पड़े तो वह जाएगा लेकिन देश के अंदर अराजकता तानाशाह हिटलर शाही को बढ़ावा देने नहीं देगा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरवाल को बिना कारण सीबीआई मुख्यालय पर बुलाना नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार को इसका जवाब जनता को देना पड़ेगा।

प्रदर्शन के दौरान जोत सिंह बिष्ट ने जोत सिंह बिष्ट के नेतृत्व में AAP के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध उठाए आवाज, दर्शन लाल चौक पर हिटलर शाही, तानाशाही रवैया के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन। देहरादून में तहसील चौक के निकट सड़क पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक विशाल प्रदर्शन हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस प्रदर्शन के मुख्य उद्देश्य में से एक था हिटलर शाही और तानाशाही रवैया के खिलाफ आवाज उठाना। बिना कारण आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरवाल को बिना कारण सीबीआई मुख्यालय पर बुलाना। प्रदर्शन के दौरान जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी ने इस तरह के दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापारिक संबंधों को उजागर करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री की डिग्री पर सवाल खड़े करके देश को हकीकत से अवगत कराया उस से चिढ़कर प्रधानमंत्री ने सीबीआई पर दबाव बनाकर केजरीवाल को बिना कारण समान भेजा, केजरीवाल जैसे ईमानदार व्यक्ति की छवि को बिगाड़ने का षड्यंत्र किया है वह देश के लोकतंत्र पर बड़ा खतरा है। आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इसके खिलाफ सड़कों पर उतरेगा। जेल जाने के लिए तैयार है। हमारा यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शनकारी नेताओं ने केंद्र सरकार को इसके लिए भाजपा की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और इसे लोकतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी बताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आम 'आदमी पार्टी जिंदाबाद' 'नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद' और केन्द्र सरकार के विरोध में नारे लगाए और उनके अनुयायियों को चुनौती दी ।कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह के दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापारिक संबंधों को उजागर करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री की डिग्री पर सवाल खड़े करके देश को हकीकत से अवगत कराया उस से चिढ़कर प्रधानमंत्री ने सीबीआई पर दबाव बनाकर केजरीवाल को बिना कारण समान भेजा, केजरीवाल जैसे ईमानदार व्यक्ति की छवि को बिगाड़ने का षड्यंत्र किया है वह देश के लोकतंत्र पर बड़ा खतरा है। आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इसके खिलाफ सड़कों पर उतरेगा। जेल जाने के लिए तैयार है। हमारा यह संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# राकेश गोयल अध्यक्ष और पुष्प्रीत सिंह महामंत्री हरमोहन सिंह बने उपाध्यक्ष



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** हरिद्वार लग्जरी कोचेस वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक संजय गुप्ता,पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, संरक्षक नरेश गोयल, राकेश गोयल को अध्यक्ष और हरमोहन सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया है। जबकि पुष्प्रीत सिंह को महामंत्री, मुकेश गोयल को सचिव, बद्री प्रसाद को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस दौरान एसोसिएशन ने चार धाम यात्रा का संचालन हरिद्वार से ही करने की मांग उठाई है। जबकि 21 अप्रैल से यात्रा की शुरुआत हरिद्वार से ही करने का भी निर्णय लिया है। मायापुर स्थित त्रिमूर्ति होटल में हरिद्वार लग्जरी कोचेस वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राकेश गोयल और संचालन पुष्प्रीत सिंह ने किया। अध्यक्ष राकेश गोयल ने कहा कि हरिद्वार के हित में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं होनी चाहिए जिससे यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत हरिद्वार से ही होनी चाहिए इसको लेकर आज बैठक में भी विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सुविधाजनक बसों से यात्रा करवानी चाहिए जिसमें यात्रियों की सुरक्षा व सुगम यात्रा का प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पहुंचने वाले हर भक्त को चारधाम के दर्शन कराने की घोषणा कर सराहनीय पहल की है। कहा कि मुख्यमंत्री बेहद ही शालीन और सुलझे हुए अनुभवी हैं। उनके कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

उपाध्यक्ष हरमोहन सिंह ने कहा कि चारधाम यात्रा का शुभारंभ ऋषिकेश से होता आया है। हम चाहते हैं कि यात्रा का शुभारंभ हरिद्वार से ही होना चाहिए। हमारे पास 150 से अधिक लग्जरी बसें हैं, जो एसी सहित सुविधाजनक हैं। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल की सुबह 8 बजे सेफ पार्किंग से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

संस्था के महामंत्री पुष्प्रीत सिंह ने कहा कि चारों धाम में दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों से मधुर व्यवहार किया जाना चाहिए ।जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु यात्री हमारे उत्तराखंड प्रदेश की अच्छी छवि संदेश लेकर यहां से जाएं। चारधाम यात्रा में भारत देश के कोने-कोने से यात्री चारधाम दर्शन के लिए प्रदेश से यात्री आते हैं।

# कथा में चेन चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

गौरव कुमार,उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर कला से भागवत कथा के दौरान सोने की चेन चोरी करने वाली महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 100 फीसदी रिकवरी हो गई है। महिला आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। कनखल थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि ग्राम जमालपुर कला में श्रीमदभागवत कथा के दौरान चौधरी नाथीराम की पत्नी शशिबाला देवी व संगीता देवी पत्नी संजय चौधरी निवासी ग्राम जमालपुर कला के गले में पहनी हुई सोने की चेन चोरी हो गई थी ।जिससे कथा के दौरान हड़कंप मच गया था। प्रसाद वितरण करते समय चोरी की गई थी।

जिसके संबंध में चौधरी नाथीराम की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था। जगजीपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर के नेतृत्व में मामले के खुलासे के लिए एक टीम गठित की गई थी। चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर ने बताया कि प्रकरण के मद्देनजर थाना स्तर पर थानाध्यक्ष द्वारा उच्चाधिकारी गणों के निर्देशन में एक पुलिस टीम गठित की। अज्ञात चोरों की तलाश में कड़ी मशक्कत की गई। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। संभावित स्थानों पर खोजबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेजो का सहारा लेकर सरगर्मी से तलाश की गई। जिसके बाद मुखबिर खास की सूचना पर आदी योगी कॉलोनी नियर क्रिस्टल वर्ल्ड बहादराबाद से आरोपी छाया देवी पत्नी किशन निवासी गांधी विहार नियर न्यू चंडी मंदिर थाना देहात जिला हापुड उत्तर-प्रदेश हाल निवासी आदी योगी कॉलोनी नियर क्रिस्टल वर्ल्ड थाना बहादराबाद को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन कार और चोरी की गई सोने की चेन बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। दो पीली धातु की चैन (कीमत 400000 रूपये) घटना में प्रयुक्त वाहन कार बरामद हुई है। पुलिस टीम में जगजीतपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह तोमर, महिला उपनिरीक्षक सोनल, कांस्टेबल सत्येंद्र रावत, महिला कांस्टेबल प्रभा मौजूद रहे।

**जगजीतपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र तोमर के नेतृत्व वाली टीम ने किया गिरफ्तार**




# 22 पव्वे देसी शराब दबंग मार्का के साथ 01अभियुक्त को कोतवाली नगर पुलिस द्वारा धर दबोचा



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड महोदय के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनाक 15-12-23 को 01व्यक्ति को 22 पव्वे देशी शराब दबंग मार्का के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 248/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया । अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1. राम बहादुर पुत्र बिहारी लाल निवासी लाल जी वाला कोतवाली नगर जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष

बरामदगी

1. 22 पव्वे देशी शराब दबंग मार्का

### पुलिस टीम

1.अ0उ0नि0 राधा कृष्ण रतूड़ी
2-हे0का01053 मान सिंह

# खाद्य तेल, तिलहन कीमतों में बीते सप्ताह रहा भारी गिरावट का रुख



**नयी दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम टूटने के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले भारी गिरावट देखने को मिली। सस्ते में बिक्री से बचने के लिए किसानों द्वारा मंडी में कम माल लाने के कारण सोयाबीन दाना और लूज के साथ-साथ मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि पिछले साल मार्च में समाप्त हुए पांच माह के दौरान 57,95,728 टन खाद्य तेलों का आयात हुआ था जबकि इस साल मार्च में समाप्त हुए पांच माह में यह आयात 22 प्रतिशत बढ़कर 70,60,193 टन हो गया। इसके अलावा खाद्य तेलों की 24 लाख टन की खेप अभी आनी है। इस तरह भारी आयात और 'पाइपलाइन' में स्टॉक होने से सरसों जैसे स्थानीय तिलहन का बाजार में खपना मुश्किल हो गया है।

मौजूदा स्थिति के बीच स्थानीय तेल उद्योग के साथ किसानों में घबराहट की स्थिति है जो खाद्य तेल कीमतों में गिरावट आने का मुख्य कारण है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताहांत तेल मिल निकाय साल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) के कार्यकारी अध्यक्ष बी वी मेहता ने सरकार से अपील की है कि देश की प्रसंस्करण मिलों को चलाने के लिए पाम और पामोलीन के बीच आयात शुल्क अंतर को मौजूदा 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया जाए। यह एक तरह से पामोलीन पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग है। तेल उद्योग के सूत्रों ने कहा कि पामोलीन का आयात शुल्क बढ़ा, तो लोग पामोलीन की जगह सीपीओ का आयात शुरू कर देंगे और तब केवल प्रसंस्करण मिलें ही आयात कर पायेंगी। यानी पामोलीन तेल- सूरजमुखी एवं सोयाबीन तेल से महंगा हो जायेगा। सूत्रों ने कहा कि जब नरम तेल इतनी अधिक मात्रा में आयात हो चुका है तो सिर्फ पाम पामोलीन के बीच शुल्क अंतर बढ़ाने से कोन सा बड़ा फर्क होने वाला है। देशी तेल-तिलहन तो तब भी खपेंगे नहीं। विशेषज्ञों की नरम तेलों के अंधाधुंध आयात के बारे में चुप्पी खटकने वाली है जो सस्ते आयातित तेल, देशी तेल मिलों के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने संभवतः खाद्य तेलों के शुल्कमुक्त आयात की छूट इसलिए नहीं दी थी कि देशी सरसों की बंपर फसल और सूरजमुखी फसल बाजार में न खपे। देशी तेल- तिलहन उद्योग चलाने के लिए पहले नरम तेलों के अंधाधुंध आयात को नियंत्रित करने की आवश्यकता है।

# क्रिप्टो से संबंधित मुद्दों पर फौरन ध्यान देने की जरूरत: सीतारमण



**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 देशों से क्रिप्टो मुद्राओं से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान से बचाने के साथ संभावित लाभों से वंचित न रह जाने का भी ख्याल रखना होगा। अमेरिका के दौरे पर आईं सीतारमण ने यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के मुख्यालय में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों के एक सत्र को संबोधित करते हुए क्रिप्टो मुद्राओं के व्यापक प्रभाव की चर्चा की। जी20 समूह की अध्यक्षता इस समय भारत के पास है।

सीतारमण ने कहा, जी20 समूह नीतिगत एवं नियामकीय प्रारूप के प्रमुख बिंदुओं को सामने लाने में मुद्राकोष और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के काम के प्रति आभार जताता है। लेकिन क्रिप्टो मुद्राओं के वृहद-आर्थिक एवं नियामकीय परिप्रेक्ष्य को समाहित करने के लिए एक संश्लेषणात्मक पत्र की जरूरत है। जी20 अर्थव्यवस्थाओं के बीच चर्चा में क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा प्रमुखता से उभरकर सामने आया है। हालांकि सभी देश इस बात पर सहमत हैं कि इन आभासी मुद्राओं के नियमन की जरूरत है। सीतारमण ने कहा कि इस मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच क्रिप्टो के बारे में एक समन्वित नीतिगत कदम उठाने पर आम सहमति है। खास तौर पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए इसके जोखिम से निपटने पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

# कंपनियों के तिमाही नतीजे का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई (वार्ता)।** वैश्विक बाजार की तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 548.03 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 60431 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 228.85 अंक यानी 1.3 प्रतिशत की तेजी लेकर 17828 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 369.51 अंक की बढ़त लेकर 24720.57 अंक और स्मॉलकैप 424.24 अंक चढ़कर 28149.58 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन दोनों मानक सूचकांकों ने लगातार नौ दिनों की बढ़त दर्ज की और अंत में उच्च स्तर पर पहुंच गया। अक्टूबर 2020 के बाद से 30 महीनों में सूचकांकों ने सबसे लंबा लाभ दर्ज किया। बाजार सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 21 फरवरी 2023 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर समाप्त हुआ। सूचकांकों में तेजी का प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर और इसने उभरते बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीददारी रुचि को बढ़ावा दिया है। स्थानीय स्तर पर मार्च में उपभोक्ता मूल्य आधारित खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) फरवरी के 6.44 प्रतिशत से गिरकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई।

# मारुति की इस कार पर मिल रहा 65 हजार तक का डिस्काउंट


**नईदिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने डिस्काउंट ऑफर पेश किया है। कंपनी अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार मारुति स्विफ्ट पर 65 हजार रुपए तक का डिस्काउंट दे रही है। यह ऑफर 31 अप्रैल तक वैलिड है। कंपनी के इस ऑफर के साथ स्विफ्ट की बिक्री में और भी उछाल देखने को मिल सकता है। मारुति सुजुकी स्विफ्ट के एलएक्सआई एएमटी वेरिएंट पर 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट, 20,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस और 15,000 रुपये का कॉर्पोरेट डिस्काउंट दिया जा रहा है। कार के सीएनजी वेरिएंट पर कंपनी ने सिर्फ 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट मुहैया कराया है। मारुति स्विफ्ट के बाकी सभी वेरिएंट्स पर 30,000 रुपये का कैश डिस्काउंट, 20,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस और 15,000 रुपये का कॉर्पोरेट डिस्काउंट दिया जा रहा है। बता दें कि मार्च 2023 में स्विफ्ट की कुल 17,559 यूनिट बिकी हैं। वहीं, फरवरी में इसकी केवल 13623 यूनिट बिकी थीं।



# पाकिस्तान में 14 रुपये तक बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम

**इस्लामाबाद।** द न्यूज इंटरनेशनल ने उद्योग जगत के सूत्रों के हवाले से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ने की आशंका जताई है। इसके मुताबिक, "संघीय सरकार वैश्विक बाजारों में बढ़ती तेल कीमतों का हवाला देते हुए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढा सकती है।" पाकिस्तान सरकार हर पखवाड़े पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा करती है। नकदी संकट से जूझ रही पाकिस्तान सरकार पेट्रोल की कीमतों में 10-14 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ोतरी करने जा रही है। इससे पहले से ही आसमान छूती महंगाई से त्रस्त जनता पर और बोझ पड़ेगा। द न्यूज इंटरनेशनल ने उद्योग जगत के सूत्रों के हवाले से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ने की आशंका जताई है। इसके मुताबिक, "संघीय सरकार वैश्विक बाजारों में बढ़ती तेल कीमतों का हवाला देते हुए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढा सकती है।" पाकिस्तान सरकार हर पखवाड़े पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा करती है। पिछली समीक्षा के विपरीत यदि सरकार विनिमय दर घाटे को भी समायोजित करती है तो यह बढ़ोत्तरी 14 रुपये प्रति लीटर तक हो सकती है। पिछली बार सरकार ने डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये के कमजोर होने का बोझ जनता पर नहीं डाला था। पाकिस्तान में पेट्रोल की तेल डिपो पर मौजूदा कीमत 272 रुपये प्रति लीटर है।

# बीते वित्त वर्ष में Electricity consumption 9.5 प्रतिशत बढ़कर 1,503.65 अरब यूनिट पर



**नयी दिल्ली।** देश में बिजली की खपत बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत बढ़कर 1,503.65 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। इसका मुख्य कारण आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के बीच बिजली की मांग बढ़ना है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में बिजली की खपत 1,374.02 अरब यूनिट थी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी बिजली आपूर्ति के आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में अधिकतम बिजली की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 207.23 गीगावॉट हो गई, जो 2021-22 में 200.53 गीगावॉट थी। विशेषज्ञों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली की खपत और मांग में काफी सुधार देखने को मिलेगा।

बिजली मंत्रालय ने इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 229 गीगावॉट तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। मंत्रालय आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाने का पहले ही निर्देश दे चुका है। इसके अलावा मंत्रालय ने घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों से गर्मियों में बिजली की भारी मांग को पूरा करने के लिए मिश्रण के लिए कोयला आयात करने को कहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की खपत में बढ़ोतरी से स्पष्ट पता चलता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां सुधर रही हैं।

उन्होंने कहा कि यदि मार्च में देश में बारिश नहीं होती, तो बीते वित्त वर्ष में बिजली खपत में वृद्धि दो अंक में होती। देश में बारिश की वजह से मार्च में बिजली की मांग प्रभावित हुई है। मार्च, 2023 में बिजली की खपत एक साल पहले की समान अवधि के 128.47 अरब यूनिट से घटकर 126.21 अरब यूनिट रह गई। अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 तक बिजली की खपत 2021-22 के स्तर को पार कर गई थी। अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 तक बिजली की खपत 1,377.43 अरब यूनिट रही, जो पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में दर्ज 1,374.02 अरब यूनिट से अधिक है। विश्लेषकों का मानना है कि 2023-24 में बिजली खपत में वृद्धि दो अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक रह सकती है।

# एक मैदान पर सर्वाधिक टी20 अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम



**बेंगलुरु, (वार्ता)** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जड़ने वाले एलेक्स हेल्स के नाम था। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। आईपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।

कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 22 अर्द्धशतक और तीन शतक बनाए हैं। यह स्थल आईपीएल में कोहली के लिये एक यादगार मैदान रहा है क्योंकि उन्होंने यहां 2,539 रन बनाए हैं, जिसमें 19 अर्द्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, कोहली बेंगलुरु में पांच मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बना सके हैं। उन्होंने चैंपियन्स ट्रॉफी 2011 के दौरान इस मैदान पर दो अर्द्धशतक बनाये थे।




## दिल्ली की लगातार पांचवीं हार

**बेंगलुरु, (वार्ता)**। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (50) के अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से मात दी। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 151 रन तक ही पहुंच सकी। कोहली ने 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की सहायता से 50 रन बनाते हुए आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी, हालांकि टीम का मध्यक्रम इसका लाभ नहीं उठा सका। शुरुआती 12 ओवर में 110 रन बनाने वाली आरसीबी मध्यक्रम की असफलता के कारण अंतिम आठ ओवर में 64 रन ही जोड़ सकी।

# सिकंदर, शाहरुख ने दिलाई पंजाब को जीत




**लखनऊ, (वार्ता)**। कप्तान सैम करन (31/3) की चतुर गेंदबाजी के बाद सिकंदर रज़ा (41 गेंद, 57 रन) के शानदार अर्द्धशतक और शाहरुख खान (10 गेंद, 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को दो विकेट से मात दी। सुपरजायंट्स ने कप्तान केएल राहुल (74) के अर्द्धशतक की मदद से पंजाब के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। पंजाब ने यह लक्ष्य आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर हासिल कर लिया। पंजाब के गेंदबाजों ने बेहतरीन अनुशासन का प्रदर्शन करके सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। राहुल ने सुपरजायंट्स के लिये सर्वाधिक 74 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इसके लिये 56 गेंदें खेलीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए रज़ा ने पंजाब के लिये 41 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाये, हालांकि 18वें ओवर में उनके आउट होने के बाद भी पंजाब जीत से 21 रन दूर थी। युवा बल्लेबाज शाहरुख ने अपनी टीम को लक्ष्य तक ले जाने का जिम्मा लिया। उन्होंने अपनी 23 रन की महत्वपूर्ण पारी में 10 गेंद पर एक चौका और दो छक्के जड़े। पंजाब को आखिरी ओवर में सात रन चाहिये थे और शाहरुख ने शुरुआती दो गेंदों पर दो-दो रन भागने के बाद तीसरी गेंद पर चौका जड़कर पंजाब की विजय पताका लहराया।

# अतंरराष्ट्रीय

## संरा ने सूडान में परस्पर विरोधी पक्षों से हिंसा रोकने का आह्वान किया



**संयुक्त राष्ट्र, (वार्ता)**। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सूडान में हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया है और परस्पर विरोधी दलों से शत्रुता समाप्त करने का आग्रह किया है।

सूडान की नियमित सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच शनिवार को सूडान की राजधानी खार्तूम और देश के अन्य हिस्सों में झड़पें हुईं। सरकारी बलों ने आरएसएफ पर विद्रोह का आरोप लगाया और उनके ठिकानों के खिलाफ हवाई हमले शुरू किए। आरएसएफ ने खार्तूम में राष्ट्रपति महल और खार्तूम और मेरोवे में हवाई अड्डों पर नियंत्रण का दावा किया। राष्ट्रीय सेना ने राष्ट्रपति महल के अधिग्रहण से इनकार किया और कहा कि वह खार्तूम के पास आरएसएफ के ठिकानों पर बमबारी कर रही है।

यूएनएससी ने शनिवार को एक बयान में कहा, "सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने सूडानी सशस्त्र बलों और त्वरित सहायता बलों के बीच सैन्य संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की और नागरिकों सहित लोगों की जान और घायल होने पर खेद व्यक्त किया।"

## सूडान में आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष में 56 लोगों की मौत, 595 अन्य घायल



खार्तूम। सूडानी नेशनल आर्मी और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच संघर्ष में कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई और 595 अन्य घायल हो गए। रायटर्स ने सूडानी डाक्टरों की यूनियन के हवाले से यह जानकारी दी। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनियन यह निर्धारित नहीं कर सकी कि सभी हताहत नागरिक थे या नहीं। सूडान में शनिवार को सबसे अधिक आबादी वाले शहर ओमडुरमैन के एक अस्पताल के निदेशक ने 'स्पुतनिक' को बताया कि आरएसएफ और राष्ट्रीय सेना के बीच लड़ाई में छह नागरिक मारे गए। सूडान की नियमित सेना और आरएसएफ के बीच शनिवार को राजधानी खार्तूम और देश के अन्य हिस्सों में झड़पें हुईं। सरकारी बलों ने आरएसएफ पर विद्रोह का आरोप लगाया और उनके ठिकानों के खिलाफ हवाई हमले शुरू किए। आरएसएफ ने खार्तूम में राष्ट्रपति महल और खार्तूम और मेरोवे में हवाई अड्डों पर नियंत्रण का दावा किया। राष्ट्रीय सेना ने राष्ट्रपति महल के अधिग्रहण से इनकार किया और कहा कि वह खार्तूम के पास आरएसएफ के ठिकानों पर बमबारी कर रही है।

## जर्मनी ने अपने आखिरी तीन परमाणु संयंत्रों को भी किया बंद

**बर्लिन, (वार्ता)**। जर्मनी ने अक्षय ऊर्जा की दीर्घकालीन योजना के तहत शनिवार को अपने शेष तीन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद कर दिया। एम्सलैंड, नेकरवेस्टहेम 2 और इसार 2 को बीती रात बंद कर दिया गया। आरडब्ल्यूई ऊर्जा फर्म ने एक बयान में तीन रिएक्टरों को ग्रिड से काट देने की पुष्टि करते हुए कहा यह एक युग का अंत है।

आलोचकों ने थ्री माइल द्वीप, चेरनोबिल और फुकुशिमा में तबाही का हवाला देते हुए कहा कि तकनीक असुरक्षित और अस्थिर है।

हालांकि, परमाणु ऊर्जा के समर्थक का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के बीच जीवाश्म ईंधन को पहले चरणबद्ध किया जाना चाहिए, परमाणु ऊर्जा का तर्क काफी कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पैदा करता है और ठीक से प्रबंधित होने पर ऊर्जा का एक सुरक्षित स्रोत हो सकता है।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

## कर्नाटक में कांग्रेस कम से कम 130 सीट जीतेगी, भाजपा की स्थिति खराब : मोइली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम. वीरप्पा मोइली ने कर्नाटक में बदलाव की हवा चलने का दावा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में कम से कम 130 सीट मिलेंगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए दक्षिण भारत में प्रवेश के द्वार पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक ने केंद्र में सरकार के गठन में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों में जीत 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री मोइली ने एक साक्षात्कार में दावा किया कि कांग्रेस को 224 सदस्ईय विधानसभा में 130 से कम सीट नहीं मिलेंगी, जबकि भाजपा 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों में 60 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) पर भाजपा के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया और कहा कि लोग पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले संगठन की अवसरवाद की राजनीति को खारिज कर देंगे।

## आप नेताओं, कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के कई हिस्सों में प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और कार्यकर्ता आबकारी नीति मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर सीबीआई के खिलाफ रविवार को शहर की सड़कों पर उतरे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और कैलाश गहलोत तथा राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक, राघव चड्ढा तथा संजय सिंह समेत पार्टी के शीर्ष नेता संघीय एजेंसी के मुख्यालय के समीप एकत्रित हुए और केजरीवाल से पूछताछ चलने के बीच उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में ने दावा किया कि पुलिस ने मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए करीब ।,500 लोगों को हिरासत में लिया है और कई विधायकों तथा पार्षदों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रच रही है। कई लोग शहर में सीबीआई के खिलाफ सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। भारी सुरक्षा तैनात की गई है और अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। राय ने दावा किया, पुलिस ने प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली से करीब ।,500 लोगों को हिरासत में लिया या गिरफ्तार किया है। शहर में दिल्ली के 32 विधायकों और 70 पार्षदों को गिरफ्तार किया गया है और दिल्ली सीमा पर पंजाब से आप के 20 विधायकों को गिरफ्तार किया गया है।

## वाराणसी में आज से शुरू होगा जी-20 देशों का तीन दिवसीय सम्मेलन

**वाराणसी।** वाराणसी सोमवार से तीन दिवसीय जी-20 कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा और जी-20 देशों के मेहमान नौका विहार के साथ घाटों के किनारे खड़े होकर भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों की प्रतीक इमारतों का नजारा देखेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यहां जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी में 17 से 19 अप्रैल तक होने वाली कृषि कार्य समूह की बैठक में दुनिया के 20 प्रमुख देशों के प्रतिनिधि और अन्य भागीदार देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जी-20 के प्रतिनिधि काशी में होने वाली विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में भी शामिल होंगे। एक आधिकारिक बयान में यह कहा गया है कि जी 20 आयोजनों का भव्य आयोजन सुनिश्चित करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने पूरी व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधियों का काशी आगमन होने लगा है और वाराणसी में जी-20 की बैठक को लेकर प्रदेश सरकार ने पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सजाया है।

# अतीक-अशरफ की हत्या के बाद विपक्ष ने भाजपा शासन को जंगल राज एवं माफिया राज बताया



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके पूर्व विधायक भाई अशरफ अहमद की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद विपक्षी नेताओं ने रविवार को भाजपा पर हमला बोला और आरोप लगाया कि इसके शासन मैं जंगल राजै और माफिया राजै है।

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि अपराधियों को देश के कानून के तहत कड़ी सजा मिलनी चाहिए और राजनीतिक उद्देश्य से न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अदालत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिले लेकिन कानून और व्यवस्था के साथ खिलवाड़ अराजकता को जन्म देता है। खरगे ने कई ट्वीट करके कहा कि देश का संविधान उन लोगों ने बनाया है, जो आजादी के लिए लड़े थे और यह संविधान और कानून सर्वोच्च है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इससे खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। अपराधी की सजा पर फैसला करने का अधिकार न्यायपालिका को है। ए अधिकार किसी सरकार को, किसी नेता को या कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता।

उन्होंने कहा, गोली-तंत्र और भीड़ तंत्र की वकालत करने वाले केवल संविधान को ध्वस्त करते हैं। समाज में किसी को डराने व धमकाने के लिए जो भी हमारी न्याय प्रणाली में राजनीतिक उद्देश्य से दखलअंदाजी करता है, अपराधी के साथ वह भी दंड का भागीदार है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) महासचिव सीताराम एचुरी ने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई होनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार में जंगलराज है। इसकी यूएसपीः मुठभेड़ में मारना, बुलडोजर की राजनीति और अपराधियों को संरक्षण देना शामिल है। कानून का शासन लागू करें, अपराधियों को पकड़ें और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दें। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) महासचिव महुआ मोइत्रा ने कहा कि देश को माफिया राज में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने भारत को माफिया गणराज्य बना दिया है। मैं यह यहां कहूंगी, मैं यह विदेश में कहूंगी, मैं इसे हर जगह कहूंगी क्योंकि यही सच है। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी और कैमरों के सामने हिरासत में रहे दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई- यह कानून के शासन की मौत है।

मोइत्रा ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साक्षात्कार के नतीजों सैं ध्यान हटानै के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह गोलीबारी कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि देश का कानून संविधान में लिखा गया है और यह कानून सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन ऐसा देश के कानून के तहत किया जाना चाहिए। किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

## महाराष्ट्र में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या तीन साल में दो हजार से ज्यादा बढ़ी : आधिकारिक आंकड़े

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 14,883 लोगों की मौत हुई जबकि तीन साल पहले 2019 में यह आंकड़ा 12,788 था। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य में तीन साल के दौरान सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या में 2,095 का इजाफा हुआ है जबकि ऐसी घटनाओं की संख्या में तीन साल पहले की तुलना में 2022 में 144 की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार 2019 में 32,925 की तुलना में पिछले साल राज्य में 33,069 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। जबकि 2019 की तुलना में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 0.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, मृत्यु दर में 16.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, हालांकि इस अवधि के दौरान दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों की संख्या 28,628 से घटकर 27,218 थी। सड़क हादसों का मुद्दा तब सुर्खियों में आया जब राज्य के रायगढ़ जिले में पुरानेमुंबई-पुणे राजमार्ग पर शनिवार को एक संगीत मंडली के युवक और युवतियों को ले जा रही एक बस के खाई में गिरने से पांच नाबालिगों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और 29 घायल हो गए। बस में कुल 42 लोग सवार थे और यह पुणे से मुंबई जा रही थी जब यह बोर घाट पर्वत के पास 300 फीट गहरी खाई में गिर गई।



## अतीक-अशरफ की हत्या पर बोलीं मायावती- राज्य का एनकाउंटर प्रदेश बन जाना कितना उचित?



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में माफिया व पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ की हत्या पर रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर अनेक गम्भीर प्रश्न चिह्न खड़े करती है तथा यह सोचने की बात है कि राज्य का एनकाउंटर प्रदेश बन जाना कितना उचित है?उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मामले में देश की शीर्ष अदालत से उचित कार्वाई की मांग की है। इस बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल वर्मा ने अतीक के शेष बेटों की भी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। रविवार की सुबह बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा, गुजरात जेल से अतीक अहमद व बरेली जेल से लाए गए उनके भाई अशरफ की प्रयागराज में कल रात पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हुई हत्या, उमेश पाल जघन्य हत्याकाण्ड की तरह ही, उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था व उसकी कार्यप्रणाली पर अनेक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, देश भर में चर्चित इस अति-गंभीर व अति-चिन्तनीय घटना का माननीय उच्चतम न्यायालय अगर स्वयं ही संज्ञान लेकर उचित कार्वाई करे तो बेहतर। उन्होंने कहा, वैसे भी उत्तर प्रदेश में कानून द्वारा कानून के राज के बजाय, अब इसका एनकाउंटर प्रदेश बन जाना कितना उचित? सोचने की बात।

# लोगों का जीवन बचाने के लिए करें रक्तदान

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** अखिल भारतीय सनातन सेना परिषद के प्रदेश संगठन सचिव आलोक गिरी महाराज एवं रूड़की ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीबालाजी धाम, सिद्धबलि हनुमान, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर निकट फुटबॉल ग्राउंड जगजीतपुर कनखल हरिद्वार के प्रांगण में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर बाबा आलोक गिरी महाराज ने सभी रक्तदानियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान समय की मांग है। यह हमारी सुरक्षा के साथ अन्य लोगों का जीवन बचाने में भी मददगार साबित होता है। इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को तीन माह के अंतराल में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा एक दूसरे का सहयोग करने से जीवन चलता है। ऐसा करने से मानसिक शान्ति प्राप्त होती

**बालाजी धाम में आयोजित रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्र हुई**

है। पुजारी मनकामेश्वर गिरी, सन्नी, पार्षद नागेंद्र राणा, नितिश चौधरी, सुमित भाटिया, मनीषा शर्मा, कालिका प्रसाद कोठारी, अरूण पाल, रुड़की ब्लड सेंटर से अखिल सैनी, अमित कुमार, प्रिन्स सैनी, दीक्षित सैनी, आकाश शर्मा, वैभव शर्मा, गौरव कुमार (पत्रकार) सचिन वर्मा, प्रिंस वर्मा सहित अन्य लोगों ने रक्तदान के साथ शिविर में सहयोग प्रदान किया रहे।

ऑस्टियोपोरोसिस हड्डियों से जुड़ी एक गंभीर समस्या है, जो आज के समय में एक आम समस्या बन गई है। यह बीमारी कैल्शियम की कमी वजह से होती है। इस बीमारी में हड्डियां कमजोर और बेजान हो जाती हैं जिससे उनमें हल्की चोट से फ्रैक्चर हो सकता है। हड्डियां कैल्शियम से बनी होती हैं और शरीर में 99% कैल्शियम स्टोर करती हैं। अगर आपको अपने रोजाना के खाने से पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिल रहा है, तो आपका शरीर अन्य कार्यों को बनाए रखने के लिए इसे आपकी हड्डियों से खींचना शुरू कर देता है। साथ ही, पेशाब के जरिये भी थोड़ा-थोड़ा कैल्शियम की निकलता रहता है। यही वजह है कि अगर आप कैल्शियम वाली चीजें कम खा रहे हैं, तो आपकी हड्डियों में कैल्शियम कम हो जाएगा जिससे आपको भी ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी हो सकती है।

# 5 चीजों में भरा है दूध-दही जितना कैल्शियम, लोहे सी मजबूत बनेंगी सभी 206 हड्डी

### कैल्शियम की कमी कैसे पूरी करें?

ऐसा माना जाता है कि दही, दूध और पनीर जैसे डेयरी उत्पादों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। यह बात सच है लेकिन बहुत से लोग वेगन भी हैं, जो डेयरी उत्पाद का सेवन नहीं करते हैं, तो वो अपनी कैल्शियम की रोजाना की जरूरत कैसे पूरा करें? न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा वेगन वाले लोगों के लिए कुछ चीजों के बारे में बता रही हैं, जो कैल्शियम से भरी पड़ी हैं।

### रोजाना कितने कैल्शियम की जरूरत

कैल्शियम की कमी से बचने के लिए आपको कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत बनाने, साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम के लिए आपको रोजाना कम से कम 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम का सेवन करना ही चाहिए।

### शलजम कैल्शियम का भंडार



हरी पत्तेदार सब्जी शलजम कैल्शियम का बढ़िया स्रोत है। अगर आप नॉन-वेज या डेयरी उत्पाद नहीं खाते यानी आप वेगन हैं, तो आपको इस सब्जी को खाना शुरू कर देना चाहिए। एक कप शलजम में लगभग 200 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है।

### तिल के बीज



तिल के बीज कैल्शियम के अलावा में प्रोटीन, ऊर्जा, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम और फास्फोरस, जैसे पोषक तत्वों का भी खजाना हैं। एक चम्मच तिल के बीज में लगभग 146 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है।

### सोयाबीन



सोयाबीन प्रोटीन और फाइबर का बढ़िया स्रोत है। अगर बात करें कैल्शियम की तो एक कप सोयाबीन में 175 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है, जो आपकी रोजाना की जरूरत का कुछ हिस्सा पूरा कर सकता है।

### सरसों का साग



इस हरे पत्तेदार साग को आयरन और कैल्शियम का पावरहाउस कहा जाता है। अगर आपको कैल्शियम की कमी है, तो आपको इसे खाना शुरू कर देना चाहिए। एक कप सरसों के साग में 120 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है।

### भिंडी



भिन्डी की सब्जी भला किसे पसंद नहीं है। मगर आपको जानकार हैरानी होगी कि यह सब्जी कैल्शियम का भी अच्छा स्रोत है। एक कप भिन्डी से आपको लगभग 120 मिलीग्राम कैल्शियम मिल सकता है।

# ईद पर ट्राई करें सेलेब्स के ये ट्रेंडी सूट डिजाइन्स



रमजान के पाक महीने में पूरे एक महीने रोजा रखने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन न सिर्फ घरों में तरह-तरह के पकवान बनते हैं, बल्कि लोग नए कपड़े भी खरीदने जाते हैं। ईद पर सभी एक-दूसरे को बधाई देने के लिए अलग-अलग कपड़े पहनना चाहते हैं, लेकिन लड़कियां अक्सर ही इसमें कन्फ्यूज नजर आती हैं। वे ईद के मौके पर सबसे खूबसूरत और स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, मगर ऐसा क्या पहने जो उन्हें परफेक्ट लुक दे। इसके लिए हम सेलेब्स के कुछ ब्यूटीफुल लुक्स लेकर आए हैं, जिससे आप भी अपने लिए ट्रेंडी आउटफिट चुन सकती हैं।

### स्टाइलिश और आरादायक कॉटन सूट

ईद के मौके पर फैशनेबल दिखने के साथ कपड़ों में कम्फर्ट महसूस करना भी बेहद जरूरी है। गर्मियां आ चुकी हैं और ऐसे में हेवी आउटफिट्स के बजाय ज्यादा लड़कियां लाइट वेट कपड़ों को ही कैरी करना चाहती हैं। जैसे ही इस तस्वीर में जन्नत जुबैर को आप देख सकते हैं कि लाइट ग्रीन कलर की कॉटन की कुर्ती में नजर आ रही हैं। थ्रेड एंब्रॉइडरी वाले इस स्लीवलेस सूट को उन्होंने चंकी जूलरी से खास बनाया था। ऑक्सीडाइज्ड नेकलेस, ईयररिंग्स और बोल्ड मरून लिप्स से उन्होने अपना लुक कम्पलीट किया था। आप भी ईद के मौके पर इसे कैरी कर सकती हैं, जो आपको बहुत ही स्टाइलिश लुक देगा।



### हिना खान का सिल्क का सूट

सिल्क का एंब्रॉइडर्ड सूट भी ईद के मौके पर काफी अच्छा लगेगा। आप हिना खान की फोटो को देख सकती हैं। जिसमें वह मिंट ग्रीन कलर के सूट में दिख रही हैं, जिस पर गोल्डन एंब्रॉइडरी की गई थी। जिसे उन्होंने कोल्हापुरी चप्पल, चोकर नेकलेस और स्टड्स ईयररिंग्स से कम्पलीट किया था। वैसे इस तरह के सूट में आपको कई डिजाइन और कलर मिल जाएंगे, जिन्हें आप ट्राई कर सकती हैं।

### गाउन ड्रेसेस भी लगती हैं बढ़िया

गाउन एक ऐसा आउटफिट है, जिसे आप किसी भी पार्टी के लिए कैरी कर सकती हैं। दीपिका कक्कड़ इस तस्वीर में ब्लैक कलर का ब्यूटीफुल गाउन पहने हुए दिख रही हैं। जिस पर सीक्वेंस वर्क नजर आ रहा है और दुपट्टे से उन्होंने अपने लुक को कम्पलीट किया है। कान में लॉन्ग ड्रॉपडाउन ईयररिंग्स के साथ उनका लुक परफेक्ट लग रहा है। आप चाहे तो इसमें दूसरे कलर्स के ऑप्शन भी सर्च कर सकती हैं।



### शिल्पा शेट्टी

सबसे पहले बात करते हैं शिल्पा शेट्टी के डार्क गुलाबी रंग के शरारा सूट की, जो किसी की भी खूबसूरती पर चार चांद लगा सकता है। इस गुलाबी आउटफिट पर गोल्डन वर्क कमाल का था। शिल्पा ने मैचिंग बैंगल, सिल्वर झुमके और डायमंड की अंगूठी के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया था। इस आउटफिट के साथ पोटली बैग कैरी कर आप भी वाहवाही लूट सकती हैं।

### सारा अली खान

सारा अली खान का लाइम ग्रीन कलर का शरारा और कुर्ती सेट किसी भी लड़की के लिए परफेक्ट है। शरारा के साथ कैरी की गई कुर्ती में बेहद खूबसूरत फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी की गई थी। साथ में है मैचिंग कलर के दुपट्टे में गोल्डन डॉट्स कमाल के लग रहे थे।





स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक: विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com